## महत्वपूर्ण एवं खास

### नक्सलियों ने फिर फेंके पर्चे

**लिखा- बाहरी कंपनियों को मार भगाएंगे**

पखांजूर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के संगम से माचपल्ली जाने वाले मुख्य मार्ग पर नक्सलियों ने पर्चे फेंककर केंद्र सरकार के खिलाफटिप्पणी की है। साथ ही जिले में चलाए जा रहे पुलिस मित्र अभियान के बारे में कहा है कि पुलिस वाले किसी के मित्र नहीं होते, वे ग्रामीणों के ऊपर झूठे मामले बनाकर उन्हे गिरफ्तार करते हैं। बता दें कि एक दिन पहले एसपी केएल ध्रुव इसी क्षेत्र में दौरे पर आए थे और मोर मितान कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था, जिसके बाद आज नक्सलियों ने पर्चे में लिखा है कि पुलिस किसी का मित्र नही हैं। प्रतिक्रांतिकारी दमन योजना समाधान के खिलाफ25 से 31 जनवरी तक प्रचार अभियान एवं 31 जनवरी को भारत बंद का आह्वान किया गया है। साथ ही पर्चे में एक बार फिर मोदी सरकार को जन विरोधी बताया गया है। इसके साथ ही बाहरी कंपनियों को मार भगाने जैसी टिप्पणी की गई है। मुख्य सड़क में पर्चे फेंकने से इलाके में दहशत का माहौल है। इस पर्चे में दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी भारत की कम्युनिस्ट पार्टी का उल्लेख है।

### एक लाख का ईनामी नक्सली सीएनएम अध्यक्ष गिरफ्तार

**बारूदी सुरंग विस्फोट कर 7 जवानों की हत्या में शामिल रहा है**

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले की कुंआकोंडा पुलिस ने दबिश देकर एक लाख रूपए के ईनामी नक्सली कटेकल्याण एरिया कमेटी अध्यक्ष लक्ष्मण करटामी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

### राज्य प्रशासनिक सेवा के सात अधिकारियों का स्थानांतरण

रायपुर (आरएनएस)। सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा आज राज्य प्रशासनिक सेवा के सात अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया, जिनमें ओंकार सिंह सचिव छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग से संयुक्त संचालक प्रशासन अकादमी निमोरा, संजय कन्नौजे उप सचिव सामान्य प्रशासन विभाग से अपर कलेक्टर रायगढ़, संजय कुमार दीवान अपर कलेक्टर रायगढ़ से सचिव छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग, सौमिल रंजन चौबे आयुक्त नगर पालिका निगम बिलासपुर से अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य शहरी विकास अभिकरण रायपुर, श्रीमती सूर्यकिरण तिवारी सामान्य प्रशासन विभाग से डिप्टी कलेक्टर बिलासपुर, प्रभाकर पाण्डेय डिप्टी कलेक्टर सरगुजा से आयुक्त नगर पालिका निगम बिलासपुर (प्रतिनियुक्ति), दिलेराम डाहिरे डिप्टी कलेक्टर बिलासपुर से डिप्टी कलेक्टर जिला कोरिया के रूप में पदस्थ किया गया।

### उच्च न्यायालय के सहायक ग्रेड-3 की परीक्षा 27 को

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा उच्च न्यायालय, बिलासपुर के अंतर्गत सहायक ग्रेड-3 एवं सहायक ग्रेड-3 (कम्प्यूटर) की भर्ती परीक्षा 27 जनवरी को व्यापम द्वारा निर्धारित 24 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई है। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक होगी। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर श्रीमती पूनम शर्मा को नोडल अधिकारी और कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 6 में कंट्रोल रूम बनाया है जिसका दूरभाष नंबर 0771-2413233 है।

### पुलिस जवान ने खुद को गोली मारी, मौत

रायपुर (आरएनएस)। पुलिस लाइन में एक जवान ने खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। इस घटना से पुलिस महकमे में एक बार फिर हड़कंप मच गया है। हालांकि जवान द्वारा खुदकुशी करने का कारण अभी अज्ञात है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### एयरपोर्ट में बम मिलने की अफवाह से मचा हड़कंप

अंबिकापुर (आरएनएस)। अंबिकापुर के दरिमा एयरपोर्ट में बम होने की सूचना मिलने के साथ ही हड़कंप मच गया। टर्मिनल बिल्डिंग में बम होने की जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट सुरक्षा अधिकारीयों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने के साथ ही आनन फानन में अधिकारियो, स्नीफर डॉग, बम स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंच गई परन्तु काफी खोजबीन के बाद भी परिसर में कोई बम नहीं मिला। प्रारम्भ में अधिकारी इसे सिर्फएक मजाक मान रहे रहे परन्तु बाद यह पता चला कि यह नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) द्वारा सुरक्षा सम्बन्धी लाइसेंस मिलने के बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा कंडक्ट किया गया एक मॉक ड्रिल था जो सफलतापूर्वक संचालित किया गया और सभी टीमों ने बेहतर को-ऑर्डिनेशन के साथ काम किया जिसके बाद अधिकारीयों ने राहत की सांस ली।

### गणतंत्र दिवस समारोह में सीएम के हाथों सम्मानित होंगे चुनिंदा पुलिस अफसर

**राज्य वीरता पुरस्कार के लिए चार बच्चे भी होंगे सम्मानित**

रायपुर (आरएनएस)। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में इस बार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य, विशिष्ट सेवा, सराहनीय सेवा करने वाले पुलिस अफसरों और जवानों को सम्मानित करेंगे। समारोह में राज्य वीरता पुरस्कार के लिए चयनित चार बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सम्मानित होने वाले पुलिस अफसर और जवानों में आधा दर्जन निरीक्षक शामिल हैं, इसके अलावा विशिष्ट सेवा के लिए भी पुलिसकर्मियों को सीएम सम्मानित करेंगे। सम्मान प्राप्त करने वाले निरीक्षकों में रमन उसेंडी-कोंडागांव, अमोल खलखो-बीजापुर, राजेश देवदास-रायपुर, अनंत प्रधान-राजनांदगांव शामिल हैं। इसके अलावा प्रधान आरक्षक मंगल मांझी-पुलिस मुख्याल तथा निरीक्षक रोशन कौशिक-कांकेर का नाम शामिल है। इसके अलावा विशिष्ट सेवा के लिए राधेश्याम नायक उप पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय को सम्मानित किया जाएगा।

# किसानों का विश्वास किसी कीमत पर टूटने नहीं दिया जाएगा : भूपेश बघेल

## भाजपा के हर वार का सरकार दे रही करारा जवाब

रायपुर (आरएनएस)। राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा 2500 रूपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी की घोषणा पर अमल करने के लिए सरकार ने कमर कस ली है। राज्य के नए मुखिया ने भी स्पष्ट कर दिया है कि चाहे जमीन-आसमान एक हो जाएं, पर किसानों का भरोसा किसी भी कीमत पर टूटने नहीं दिया जाएगा। मुख्यमंत्री के एक स्पष्टीकरण के बाद अब भाजपा में एक बार फिर से बेचैनी बढ़ गई है।

देश भर में आम चुनाव होना है। राजनीतिक दल इसकी तैयारियों में जुट गए हैं। वहीं राज्य विधानसभा चुनाव में बुरी तरह से पराजित हुई भाजपा में बेचैनी बढ़ गई है। सदन में केवल गिनती के सदस्य रह जाने के बाद भी भाजपा ने आक्रामक रूख की रणनीति अपनाई, लेकिन यह रणनीति भी फेल हो गई। लोकसभा चुनाव को लेकर भी भाजपा में एकमत नजर नहीं आ रहा है। हाल ही में भाजपा के नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिस तरह से संगठन की कार्यप्रणाली को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की और हार के कारणों के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदार ठहराया,




इससे भाजपा के लिए सच्चे मन से काम करने वाले आम कार्यकर्ताओं से लेकर भाजपा नेताओं और पूर्व मंत्री तक बौखला गए हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन श्रेष्ठ होगा, इस बात में संशय बना हुआ है। दूसरी ओर राज्य के नए मुखिया भूपेश बघेल भाजपा की सभी रणनीतियों को विफल करते नजर आ रहे हैं। किसानों की ऋण माफी के साथ ही 2500 रूपए प्रति क्विंटल में धान की खरीदी का निर्णय करके मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक तरह से भाजपा को पूरी तरह से किनारे कर दिया है। वहीं भाजपा में दिख रही अंर्तकलह संगठन के नेताओं को बेचैन किए हुए है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट करके एक बार फिर से भाजपा की मुश्किलें बढ़ा दी है। इस बार सीएम श्री बघेल ने फिर से स्पष्ट कर दिया है कि चाहे जो भी हो, किसानों का भरोसा किसी भी कीमत पर टूटने नहीं दिया जाएगा। केन्द्र सरकार की असहमति के बाद भी राज्य सरकार 2500 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से ही किसानों से धान खरीदी करेगी किसानों ने जो विश्वास कांग्रेस पर जताया है, उसे हरगिज टूटने नहीं दिया जाएगा।

## सिम्स के सर्जिकल आईसीयू वार्ड में शार्ट सर्किट से लगी आग, मचा हड़कंप

### आईसीयू में भर्ती मरीजों को तत्काल किया गया शिफ्ट

बिलासपुर (आरएनएस)। सिम्स के सर्जिकल आईसीयू वार्ड के बिजली बोर्ड में अचानक शार्ट-सर्किट से आग लग गई। इससे वार्ड में अफरा-तफरी मच गई। सिम्स के सर्जिकल आईसीयू वार्ड के बिजली बोर्ड में अचानक शार्ट-सर्किट से आग लग गई। इससे वार्ड में अफरातफरी मच गई। आग की लपटों को देखकर तुरंत प्रबंधन ने बिजली सप्लाई बंद कराई और फॉल्ट को सुधरवाया, लेकिन आग से फैले धुएं से भर्ती मरीज परेशान हो गए। घटना के वक्त आईसीयू में नौ मरीजों का इलाज चल रहा था। हालांकि हादसे में किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। सिम्स एमएस प्रभारी डॉ. रमणेश मूर्ति का कहना है कि शार्ट सर्किट से बिजली बोर्ड के तार में आग लग गई थी। बचाव के त्वरित उपाय कर स्थिति संभाल ली गई।



सिम्स के सर्जिकल आईसीयू के सामने मंगलवार को मरीजों के परिजनों की भीड़ लगी थी। उसी वक्त वार्ड के अंदर लगे बिजली बोर्ड का तार शार्ट सर्किट से धू-धूकर जलने लगा। आग लगने की जानकारी मिलते ही मेन स्विच ऑफकर आग बुझाई गई।

जिला अस्पताल संभाग का दूसरा बड़ा सरकारी अस्पताल है। यहां भी रोजाना करीब चार सौ मरीजों का इलाज होता है। यहां सुरक्षा के कोई खास इंतजाम नहीं हैं।

## रोंजे आश्रम से 24 बच्चे लापता

### अधीक्षक को नहीं मालूम कहां गये बच्चे, अधिकारी जांच की बात कह रहे हैं

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। दंतेवाड़ा जिले के गीदम ब्लाक मुख्यालय के रोंजे बालक आश्रम से 24 बच्चों के लापता हो गए हैं। ये बच्चे कहां गये, किसके साथ गये इसकी जानकारी आश्रम अधीक्षक को भी नहीं है। 100 सीटर रोंजे बालक आश्रम में 65 बच्चे थे, इनमें से 24 बच्चे लापता हो गये हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दंतेवाड़ा जिले के रोंजे बालक आश्रम शाला के 24 बच्चे एक साथ गायब होने के बाद भी आश्रम अधीक्षक ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। वहीं उन्होंने यह स्वीकार किया कि बच्चे कहां गये इसकी जानकारी उन्हें नहीं है, साथ ही बच्चों को कुछ भी होगा तो वे इसकी जिम्मेदारी लेते दिख रहे थे। 24 बच्चों के लापता होने की घटना के बाद आश्रम के बच्चों ने बताया कि आश्रम अधीक्षक स्वयं ही आश्रम में नहीं रहते हैं।

## टैक्स चोरी की सूचना पर आयकर विभाग ने मारा छापा

कोरबा (आरएनएस)। आयकर विभाग ने टैक्स की सूचना मिलने पर गल्ला कारोबारी और आरकेटीसी के 10 से ज्यादा ठिकानों पर छापे मार कार्रवाई की है.आयकर विभाग ने कोरबा जिले में ये छापे मारे हैं.

रायपुर से कोरबा पहुंची तीन सदस्यीय आयकर विभाग की टीम ने अशोका सेल्स कॉर्पोरेशन की दुकान में छापा मारा. इसके साथ ही कई अन्य ठिकानों पर छापा मारा गया है. मामला टैक्स चोरी से संबंधित हैं. हालांकि अधिकारी फिलहाल इस मामले में कुछ भी नहीं कह रहे हैं.

## कैंची पुल के नीचे से बरामद हुआ युवती का शव

सीतापुर (आरएनएस)। शहर कोतवाली से चन्द कदम की दूरी पर स्थित कैंची पुल के नीचे एक युवती का शव बरामद होने से पूरे शहर मे हड़कम्प मचा गया। लोगों द्वारा तरह तरह की बाते की जाने लगी। शव पर लगे चोटो के निशान को देखते हुए अंदाजा लगाया जा रहा है कि युवती की हत्या बड़ी ही बेरहमी के साथ की गयी है। उसके सर पर गम्भीर चोट के निशान थे। लोगों द्वारा इस घटना को अपने अपने तरीके से देखा जा रहा है। यह तय माना जा रहा है कि युवती का कत्ल बड़ी ही बेरहमी के साथ हुआ है और कातिलों ने योजनाबद्ध तरीके से इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस पहचान और खुलासे के प्रयास लगातार कर रही है।

पुलिस ने दावा किया है कि गुत्थी जल्द ही सुलझेगी क्योंकि युवती का सुराग लग रहा है अभी तो यही बताया जा रहा है कि युवती महोली कोतवाली इलाके की रहने वाली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली व गल्ला मण्डी पुलिस चैकी से चन्द कदम की दूरी पर कैंची पुल के पास एक 25 वर्षीय युवती का शव क्षत विक्षत अवस्था में देखा गया। इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गयी, पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लियां। शुरूआती दौर में शव की शिनाख्त ही नही हो पा रही थी तभी पुलिस की मेहनत से यह तो पता चल गया है कि युवती महोली कोतवाली इलाके की रहने वाली है।

## गढ़चिरौली में नक्सलियों ने की 3 लोगों की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या

राजनांदगांव (आरएनएस)। राजनांदगांव जिले के छत्तीसगढ़ सीमा से लगे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के भमरागढ़ में सोमवार की देर रात नक्सलियों ने तीन लोगों की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। तीनों ग्रामीणों के शव आज सुबह गांव के मुख्य सड़क पर पड़े मिले।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक ग्रामीणों के नाम मालू दोगे मंडावी, कन्ना रैनू मंडावी और लालसु मासा कुरेटी बताए जा रहे हैं। इन तीनों के ऊपर पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाया गया है। मौका-ए वारदात से एक नक्सली बैनर भी बरामद हुआ है।

बैनर के मजमून के मुताबिक इन तीनों को 12 अप्रैल 2018 को कसनूर, तमिरगुण्डा गठना में हुई मुठभेड़ में मारे गए 40 नक्सलियों की मौत का जिम्मेदार ठहराया गया है।

## मां ने दो मासूम बच्चों को लेकर तालाब में की आत्महत्या

### जैजेपुर थाना क्षेत्र के करौवाडीह गांव की घटना

जांजगीरचांपा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिले के जैजेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करौवाडीह में बीती रात एक दर्दनाक घटना प्रकाश में आई है। यहां के रहने वाली एक महिला ने अपने दो मासूम बच्चों को लेकर तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना के बाद इलाके में मातम पसरा है।

ग्राम पंचायत करौवाडीह में मनोज कुमारी साहू (29), जो कि घर के सामने के तालाब में डूबकर आत्महत्या करने के लिए पहले अपने बच्चों को डुबाई। जिसमें मनीष साहू 4 वर्ष, प्रीति साहू 6 माह की बच्ची थी। वहीं उन्होंने भी तालाब मैं डूबकर मरने का प्रयास किया लेकिन उनके ससुर रोहित साहू जब तालाब में शौच के लिए पानी लेने गया तब आवाज सुनकर अपनी बहू को बचाने के लिए भागा और उसे तालाब से बाहर निकाला। जिसके बाद उसे पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैं इलाज के लिए लाते वक्त उसकी मौत हो गई।

वहीं जैजैपुर थाना प्रभारी एसएस राजपूत ने जानकारी दी कि पति-पत्नी में मामूली विवाद को लेकर यह घटना घटित हो सकता है। पुलिस के अनुसार मृतिका बैंक से पैसा निकाल कर घर आया जिसके बाद घर मैं उनके शराबी पति के साथ पैसे को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद अपने पति को घर वापस न आने के कारण अपने दो बच्चों के साथ स्वयं तालाब में डूबकर जान देने चली गई।

## भाजपा सरकार में बढ़ा दलितों का उत्पीडन : पूर्व कारागार मंत्री

सीतापुर (आरएनएस)। समाजवादी विकास, विजन एवं सामाजिक न्याय कार्यक्रम के तहत सोमवार को पूर्व कारागार राज्यमंत्री रामपाल राजवंशी ने मिश्रिख विधान सभा क्षेत्र के कई गाँवों का भ्रमण कर लोगो को सपा की नीतियों से अवगत कराया। श्री राजवंशी ने अपने समर्थको के साथ रालामऊ, गंधेरिया, भेलावां, पिपरियापुरवा, पुरैनी, काकोरी, लौली सहित कई गाँवों का भ्रमण कर ग्रामीणों से सम्पर्क किया। पूर्व राज्यमंत्री रामपाल राजवंशी ने कहा कि भाजपा सरकार में दलित समाज के लोगो का लगातार उत्पीडन हो रहा है। महिलाओं और युवतियों के साथ दुष्कर्म की घटनाओं में भारी इजाफा हुआ है।

## नवजात शिशु रोजाना 3 घंटे से ज्यादा रोए तो हो जाएं सावधान

नवजात शिशु का रोना आम बात है। बल्कि सभी बेबीज रोते हैं। बेबीज़ में रोने की प्रक्रिया को इस नजर से भी देखा जाता है कि यह एक माध्यम होता है जिसके ज़रिए वे अपनी ज़रूरतों को कम्यूनिकेट कर पाते हैं। लेकिन शिशु रोजाना या हफ्ते में तीन दिन 3 घंटे या फिर इससे ज्यादा वक्त तक रोए तो हो सकता है कि आपके बच्चे को कॉलिक नाम की बीमारी हो सकती है।



**क्या होता है कॉलिक**


कॉलिक एक ऐसी स्थिति होती है जिसमें शिशु रोजाना 3 घंटे या फिर इससे ज्यादा वक्त तक रोता रहता है। यह स्थिति हफ्ते में तीन दिन भी हो सकती है। यह या तो शिशु के पेट में दर्द होने की वजह से होता है या फिर एलर्जी की वजह से भी हो सकता है। हालांकि इसकी असल वजह अभी भी पता नहीं है।

**कॉलिक का इलाज**

कॉलिक की समस्या 10 से 40 पर्सेंट बच्चों को प्रभावित करती है। यह समस्या डेढ़ महीने के बच्चे से शुरू होकर 6 महीने की उम्र तक भी रहती है। खास बात यह है कि यह समस्या लड़कों और लड़कियों में एक ही उम्र पर होती है। कॉलिक की समस्या से निपटने के लिए फिलहाल किसी तरह की दवाई उपलब्ध नहीं है, लेकिन माना जाता है कि शिशुओं को स्तनपान कराने वाली महिलाएं अगर अपने खान-पान में बदलाव करें तो इसका काफी असर होता है।

## किसी खोजी काम की तरह है अभिनय : राधिका आप्टे

अभिनेत्री राधिका आप्टे का कहना है कि अभिनय एक खोजी काम की तरह होता है क्योंकि यह जिंदगी में कई चीजों के बारे में जानने में मदद करता है। राधिका ने आगामी फिल्म बॉम्बैरिया के प्रचार के दौरान मीडिया से बात की। अभिनेत्री ने कहा, मैं हमेशा दिलचस्प और प्रेरित करने वाले प्रोजेक्ट को चुनती हूं। एक तरह से यह किसी खोजी काम की तरह होता है क्योंकि अभिनय के दौरान हमें जिंदगी में बहुत कुछ जानने को मिलता है, इसलिए मुझे फिल्मों के सेट पर होना सच में पसंद है। बॉम्बैरिया में राधिका आप्टे मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में सिद्धांत कपूर, अक्षय ओबेरॉय, आदिल हुसैन, शिल्पा शुक्ला और रवि किशन जैसे कलाकार भी हैं।



## भूमि पेडनेकर ने डॉली किट्टी.. की शूटिंग पूरी की

अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने आगामी फिल्म डॉली किट्टी और वो चमकते सितारे की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म में किट्टी की भूमिका निभा रहीं भूमि ने ट्वीट किया कि वह इस ऑनस्क्रीन किरदार को बहुत याद करेंगी।



भूमि ने लिखा, वह प्यार और आशा से भरे पागलपन के सपने देखने वालों में से है। वह अजीब है.. बहुत अजीब है, प्यार में उसका विश्वास और बेहतर करने की उसकी महत्वाकांक्षा गजब है। यह एक ऐसा किरदार है, जिसे निभाने में मुझे बहुत मजा आया। कोई संकोच और भय नहीं हुआ। किट्टी में तुम्हें याद करूंगी।

अलंकृता श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा भी हैं। इसमें वह डॉली की भूमिका में हैं। भूमि ने इस यात्रा को अविस्मरणीय बनाने के लिए फिल्म के कलाकारों और पूरी टीम का धन्यवाद भी दिया। वह इसके अलावा अभिषेक चौबे की सोनचिरैया में भी नजर आएंगी, जिसमें सुशांत सिंह राजपूत और मनोज बाजपेयी हैं।

## ओमप्रकाश मेहरा की फिल्म में बॉक्सर के रोल में दिखेंगे फरहान

2013 में आई सुपरहिट फिल्म भाग मिल्खा भाग के बाद एक बार फिर फरहान अख्तर डायरेक्टर राकेश ओमप्रकाश मेहरा के साथ काम करने जा रहे हैं। यह फिल्म भी एक स्पॉर्ट्स ड्रामा होगी।



फिल्म का टाइटल तूफान रखा गया है और इसमें फरहान एक बॉक्सर के रोल में नजर आएंगे। फिल्म को फरहान और रितेश सिधवानी प्रड्यूस करेंगे।

फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया, यह बायॉपिक नहीं है। यह एक काल्पनिक कहानी है जिसे अंजुम राजाबली ने बुना है। जैसे ही फरहान ने फिल्म की कहानी सुनी, उन्हें इससे प्यार हो गया।

सूत्र के मुताबिक, राकेश ने तैयारियां शुरू कर दी हैं और फरहान भी बॉक्सिंग की काफी ट्रेनिंग लेंगे।